C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:17 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:45 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 142 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 26 नवंबर 2026

दिवंकल ने लगाई अक्षय की...पेज-3 पर

News कॉर्नर

पूर्व सांसद आनंद मोहन को करना होगा आत्मसमर्पण

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सांसद आनंद मोहन की रिहाई का रास्ता खोलने वाली बिहार सरकार की नीति को असांविधानिक करार दिया। कोर्ट ने उन्हें एक महीने में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सांसद आनंद मोहन को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने बिहार सरकार का 2023 का वह फैसला रद्द कर दिया है, जिसके तहत आनंद मोहन को सजा में छूट देकर रिहा किया गया था। यह मामला 1994 में गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या से जुड़ा है। कोर्ट ने आनंद मोहन को एक महीने के भीतर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पाया कि बिहार सरकार ने 2023 में सजा में छूट देने की नीति में बदलाव किया था। इसके तहत सरकारी कर्मचारियों की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा पाए लोगों को भी सजा में छूट मांगने की अनुमति दे दी गई थी। कोर्ट ने इस बदलाव को असांविधानिक करार दिया है।

आप की मोगा रैली में धमाका: ब्लास्ट के साथ फटी कॉफी मशीन, एक घायल

चंडीगढ़। मोगा में आम आदमी पार्टी की रैली से पहले एक बड़ा हादसा हो गया। रैली के लिए की जा रही तैयारियों के दौरान अचानक कॉफी मशीन फट गई। इस हादसे में मशीन का एक टुकड़ा वहां काम कर रहे एक व्यक्ति के सिर पर जा लगा। व्यक्ति गंभीर है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान इस महारैली से 2027 के विधानसभा चुनाव अभियान का आगाज करेंगे। केजरीवाल रैली के मंच से पंजाब को और खुशहाल बनाने का रोडमैप पेश करेंगे, वहीं मान सरकार के पांच साल के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने रखेंगे। इसके साथ ही भाजपा-अकाली गठबंधन पर निशाना भी साधेंगे। आप पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू के मुताबिक, रैली में केजरीवाल, मुख्यमंत्री मान, पूरी कैबिनेट और पार्टी की वरिष्ठ लीडरशिप शामिल होगी।

भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस का लोकभवन कूच आज, वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

देहरादून

हमारे संवाददाता



प्रदेशभर में चलाए गए हस्ताक्षर अभियान के बाद कांग्रेस अब सरकार से भ्रष्टाचार के मामलों पर जवाब मांगने जा रही है। पार्टी ने जिला, ब्लॉक और महानगर स्तर से जुटाए गए हस्ताक्षरित दस्तावेजों को लेकर लोकभवन पहुंचने की तैयारी की है। इस दौरान राज्यपाल को बैनर और पोस्टरों की पोटली सौंपी जाएगी।

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस बृहस्पतिवार को पैदल मार्च कर लोकभवन कूच करेगी। कांग्रेस भवन से पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता लोकभवन तक पैदल मार्च कर राज्यपाल को हस्ताक्षर युक्त बैनर व पोस्टरों की पोटली सौंपकर भ्रष्टाचार के मामलों पर सरकार की जवाबदेही की मांग करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने बताया कि 10 से 23 नवंबर तक प्रदेश के सभी जिला, ब्लाक व महानगर मुख्यालयों में भ्रष्टाचार के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। प्रदेश भर से हस्ताक्षर युक्त दस्तावेज प्रदेश कांग्रेस में पहुंच गए हैं। 26 नवंबर को पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ व संविधान की मूल भावना का अपमान करने के विरोध में लोकभवन कूच करेगी। इस रैली में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा सहित प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे।

भुली योजना में 5.23 लाख महिलाओं को ही सहायता क्यों?

भुली योजना के तहत महिलाओं को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सवाल उठाया कि सरकार की ओर से योजना के तहत केवल 5.23 लाख महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की बात कही गई है। उन्होंने पूछा कि प्रदेश की बाकी महिलाओं को इस योजना का लाभ क्यों नहीं मिलेगा। गणेश गोदियाल ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि लाभार्थियों की संख्या तय करने का आधार क्या है और बाकी महिलाओं को योजना से बाहर रखने की वजह क्या है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब भाजपा सरकार के झांसें में आने वाली नहीं है।

ओवैसी-चंद्रशेखर की रैली, चंद्रशेखर और ओवैसी मंच पर पहुंचे

रमाबाई अंबेडकर मैदान पर पोस्टर लेकर पहुंचे समर्थक

नई दिल्ली

एजेंसी



उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले चंद्रशेखर आजाद और असदुद्दीन ओवैसी ने दलित-मुस्लिम मतदाताओं को एकजुट करने की तैयारी तेज की है। लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में उनकी पहली बड़ी रैली होगी।

रमाबाई अंबेडकर मैदान में होर्डिंग और पोस्टर लगाए गए हैं। इनमें लिखा है कि दलित का बेटा सीएम बनेगा और अब्दुल का बेटा डिप्टी सीएम बनेगा। रमाबाई अंबेडकर रैली स्थल पर आजाद समाज पार्टी और एआईएमआईएम की ओर से आयोजित बहुजन स्वराज संकल्प महारैली में बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता। संविधान दिवस पर बृहस्पतिवार को लखनऊ में असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद की संयुक्त रैली होगी। रैली सुबह 11 बजे से शहीद पथ स्थित माता रमाबाई अंबेडकर मैदान में आयोजित की जा रही है। दोनों नेताओं की इस संयुक्त रैली को लेकर समर्थकों में उत्साह है। रैली का आयोजन सामाजिक परिवर्तन मोर्चा के बैनर तले किया जा रहा है। वहीं, दोपहर एक बजे ओवैसी और चंद्रशेखर रैली को संबोधित करेंगे। दोनों दलों ने 2027 का विधानसभा चुनाव सभी 403 सीटों पर लड़ने का ऐलान किया है। चंद्रशेखर आजाद को गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया गया है। इस गठबंधन की नजर प्रदेश के लगभग 21 फीसदी दलित और 19 फीसदी मुस्लिम मतदाताओं पर है, जिनकी संयुक्त आबादी प्रदेश की कुल आबादी का करीब 40 फीसदी है।

ऐसे में, यह गठबंधन समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के लिए भी एक चुनौती पेश कर सकता है, खासकर उन सीटों पर जहां दलित और मुस्लिम मतदाताओं की संख्या निर्णायक भूमिका निभाती है। इस गठबंधन की चुनौती केवल सपा-कांग्रेस के सामने एक नया विकल्प प्रस्तुत करना नहीं है, बल्कि दलित और मुस्लिम मतदाताओं को एक साझा राजनीतिक एजेंडे पर एकजुट करना भी है। चंद्रशेखर का दलित राजनीति में आधार और ओवैसी की मुस्लिम राजनीति में सक्रियता इस प्रयास का प्रमुख स्तंभ है।

नैनीताल की कप्तानी अर्पण यदुवंशी के हवाले, ट्रैफिक से नशे तक चुनौतियों का पहाड़

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



नैनीताल जिले की पुलिस कप्तानी अब नए हाथों में होगी। शासन के 17 आईपीएस अधिकारियों के तबादले में 2017 बैच के आईपीएस अर्पण यदुवंशी को नैनीताल का नया एसएसपी बनाया गया है। मंजूनाथ टीसी को जिले से हटाकर 31वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर का सेनानायक बनाया गया है। इस बदलाव के साथ जिले की कानून व्यवस्था की कमान नए कप्तान के हवाले हो गई है।

अर्पण यदुवंशी उत्तरकाशी में एसपी के रूप में सेवाएं देने के साथ एसटीएफ में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके हैं। एसडीआरएफ को देश में पहली बार आईएसओ प्रमाणन दिलाने में भी उनकी अहम भूमिका रही है। अब उनके अनुभव की परीक्षा नैनीताल जिले की जटिल पुलिसिंग में होगी। सरोवर नगरी और आसपास के पर्यटन क्षेत्रों में सीजन के दौरान वाहनों का दबाव, सड़कों पर लगने वाले जाम, पार्किंग की बदहाल व्यवस्था, अपराध और नशे के नेटवर्क पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। इसके अलावा साइबर ठगी और पर्यटकों की सुरक्षा भी नए कप्तान के सामने अहम मोर्चे होंगे।

शासन के इस फेरबदल में नैनीताल समेत ऊधम सिंह नगर, पौड़ी, टिहरी, चमोली और बागेश्वर के कप्तान भी बदल दिए गए हैं। गृह अनुभाग-1 के सचिव शैलेश बगौली की ओर से जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

पुलिस मुख्यालय, पीएसी, एसडीआरएफ और अभिसूचना इकाइयों में भी बड़े स्तर पर जिम्मेदारियां बदली गई हैं। अब जिले की जनता की निगाहें नए कप्तान पर रहेंगी कि वह पर्यटन के दबाव, बिगड़ते यातायात, अपराध और नशे की चुनौती से निपटने के लिए कितनी प्रभावी रणनीति जमीन पर उतार पाते हैं। नई कप्तानी का असली इम्तिहान आदेशों से नहीं, सड़कों और थानों में नजर आने वाले बदलाव से होगा।

अंकिता भंडारी केस: धरने के बाद परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई

देहरादून

हमारे संवाददाता

कार्रवाई

- विनोद आर्य और वकील के खिलाफ एफआईआर दर्ज

अंकिता भंडारी के माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने पुलकित आर्य के पिता विनोद आर्य और उनके वकील अनुज पुंडीर के खिलाफ राजपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। राजपुर थाने में दर्ज जीरो एफआईआर जांच के लिए हरिद्वार स्थानांतरित की जाएगी। अंकिता के माता पिता का आरोप है कि विनोद आर्य ने 15 नवंबर को हरिद्वार प्रेसक्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अंकिता और उसके एक मित्र के बीच हुई निजी व्हाट्सएप बातचीत के स्क्रीनशॉट सार्वजनिक किए और उन्हें तोड़-मरोड़कर पेश किया। परिजनों ने इसे दिवंगत बेटी की निजता और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य बताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज अंकिता के माता-पिता बुधवार को गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे धरने पर बैठ गए। उनके समर्थन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, हरीश रावत, प्रीतम सिंह, हरक सिंह रावत समेत पार्टी के कई नेता पहुंचे। परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए शिकायत पर कार्रवाई की मांग उठाई। धरने के बाद अंकिता के माता-पिता अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था डॉ.वी मुरुगेशन से मिले।

जिला बदर का आदेश ताक पर रख हल्द्वानी लौट आया शहनवाज, पुलिस ने दबोचा

हल्द्वानी। जिला बदर होने के बावजूद जनपद की सीमा में दाखिल होना एक युवक को भारी पड़ गया। दो महीने के लिए जिले से बाहर किए गए युवक को पुलिस ने गौला पार्किंग के पास घूमते हुए पकड़ लिया। पूछताछ में उसने दवा खत्म होने और बिना अनुमति चुपचाप वापस लौटने की बात कही। पुलिस ने न्यायालय के आदेश का उल्लंघन मानते हुए उसे गिरफ्तार कर गुंडा एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बनभूलपुरा थाना पुलिस के एसआई जगबीर सिंह कार्स्टेबल हरीश रावत के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गौला बाईपास पिकेट से इंद्रानगर की ओर जाते समय मुखबिर ने सूचना दी कि करीब 20 दिन पहले जिला बदर किया गया शहनवाज अंसारी उर्फ आनू गौला पार्किंग में स्लेटर हाउस के पास घूम रहा है।

खाई में गिरा वाहन, बच्ची समेत दो की मौत, तीन घायल

देहरादून

हमारे संवाददाता



विकासनगर में आज सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे के बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई। वाहन में सवार लोग नेपाली मूल के बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में एक बच्ची समेत लोगों की मौत हो गई है।

कालसी-कोटी-मीनस मोटर मार्ग पर धमोग के निकट एक वाहन अनियंत्रित होकर टौंस नदी में जा गिरा। हादसे में दो साल की बच्ची और 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। वाहन में चालक समेत कुल छह लोग सवार थे। चालक को भी मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार, सवारी वाहन हिमाचल प्रदेश के नेरुआ से विकासनगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान कालसी-कोटी-मीनस मोटर मार्ग पर धमोग के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया और सीधे टौंस नदी में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में दो साल की बच्ची और 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, वाहन में सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए। वाहन में सवार सभी लोग नेपाली मूल के बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर राहत और बचाव शुरू किया गया।

अर्णव के पिता ने नीब करौरी व गोलू दरबार में मांगा न्याय

लगातार 20वें दिन भी तलाश जारी, पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं

नैनीताल

हमारे संवाददाता





नैनीताल की सबसे ऊंची चोटी नैना पीक की ट्रेकिंग के दौरान लापता हुए बीटेक छात्र अर्णव सिंह की तलाश बुधवार को लगातार 20वें दिन भी जारी है लेकिन, अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है।

बेटे की तलाश में बिहार से नैनीताल पहुंचे पिता पंकज कुमार पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं हैं। लगातार कोतवाली के चक्कर काटने के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से परिजनों की निराशा और बेचैनी बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर बुधवार को पिता ने कैंची धाम स्थित बाबा नीब करौरी के दरबार और घोड़ाखाल गोल्ज्यू मंदिर पहुंचकर बेटे की सकुशल वापसी और न्याय की गुहार लगाई।

मामले में लापता छात्र अर्णव के पिता पंकज कुमार का कहना है कि अर्णव को लापता हुए पूरे 20 दिन बीत चुके हैं लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। हर दिन उम्मीद लेकर पुलिस के पास पहुंचते हैं मगर शाम को निराश होकर लौटना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस जांच को लेकर उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दे रही है। बेटे की चिंता में अब उनका दिल बैठा जा रहा है और परिवार लगातार मानसिक पीड़ा से गुजर रहा है। बता दें पिता पंकज कुमार पहले भी पुलिस की जांच की दिशा और कार्रवाई पर सवाल उठा चुके हैं। उनका कहना है कि मामले को गंभीर चुनौती मानकर शुरुआत से ही प्रभावी खोजबीन और गहन जांच की जानी चाहिए थी। 20 दिन बीतने के बाद भी अर्नव का पता नहीं चलना पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर परिजनों की चिंता बढ़ा रहा है। उन्होंने मामले में गंभीरता से जांच कर जल्द बेटे का पता लगाने की मांग की है।लगातार इंतजार और निराशा के बीच पंकज कुमार अब कैंची धाम और घोड़ाखाल गोल्ज्यू मंदिर पहुंचे। उन्होंने बाबा नीब करौरी और गोल्ज्यू देवता के दरबार में अर्नव की सकुशल वापसी और न्याय के लिए अरदास की। भावुक पिता पंकज सिंह ने कहा कि अब बेटे की तलाश और न्याय की उम्मीद भगवान के भरोसे छोड़ दी है। अर्णव के 20 दिन से लापता रहने के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिलने से परिवार की पीड़ा गहराती जा रही है। कोतवाली के चक्कर काट रहे परिजनों की बेबसी और मंदिरों में लगाई गई गुहार मामले की गंभीरता और उनके टूटते धैर्य को बयां कर रही है। वहीं पिता ने अब बेटे का पता बताने वाले को 50 हजार व सकुशल वापस लाने वाले को 1 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।वहीं मामले में एसपी डॉ जगदीश चन्द्र ने बताया कि लापता युवक की तलाश लगातार जारी है।

नैनीताल में स्कूटी सवार को टक्कर मारकर भागा पर्यटक कार चालक

नैनीताल । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में एक पर्यटक कार चालक स्कूटी सवार को टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। हादसे में स्कूटी सवार सड़क पर गिर गया। पीड़ित युवक कार का नंबर नोट नहीं कर सका जिससे फरार चालक की पहचान नहीं हो पाई है।

जानकारी के मुताबिक मनोरा निवासी बंश स्कूटी से नैनीताल की ओर आ रहा था। इसी दौरान हल्द्वानी की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक स्कूटी समेत सड़क पर गिर पड़ा। आरोप है कि कार चालक ने रुककर घायल का हाल जानने या मदद करने के बजाय वाहन की गति बढ़ा दी और मौके से फरार हो गया।हादसे के बाद युवक कार का नंबर नोट करने का प्रयास करता इससे पहले कार वहां से निकल गई। घटना को लेकर युवक की ओर से फिलहाल पुलिस में शिकायत नहीं दी गई है। वहीं तल्लीताल कोतवाली के एसएसआई विमल मिश्रा ने बताया कि मामले में अभी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



रामगढ़ डिग्री कालेज के छात्र-छात्राओं को दिया गया स्व जनगणना प्रशिक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ में बुधवार को स्व जनगणना कार्यशाला के तहत छात्र-छात्राओं को स्व जनगणना के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर प्राचार्य प्रो. नगेंद्र दिवेदी ने कहा कि स्व जनगणना एक राष्ट्रीय दायित्व है जिसका निर्वहन हम सबको मिलजुल कर करना है।भवाली से पधारे प्रशिक्षकों अमित सिंह लटवाल एवं नवीन चंद्र भट्ट द्वारा स्व जनगणना से संबंधित बारिकियो को छात्र,छात्राओं को समझाया।स्व जनगणना करने के उपरांत छात्र,छात्राओं के समक्ष आने वाली सभी परेशानियों का उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा हरीश चन्द्र जोशी ने छात्र,छात्राओं से आह्वान किया कि वह न केवल स्वयं की स्व जनगणना करें बल्कि अपने परिवार की अपने मोहल्ले पड़ोस की भी स्वजनगणना उनको करनी है। इस अवसर पर डॉ विमला सिंह, डॉ निर्मला रावत, डॉ हरेश राम, डॉ नीमा पंत,कविंद्र प्रसाद, दीप्ति, कमलेश व प्रेम भारती सहित पूर्णिमा, हिमांशी, विशाखा, तनुजा व काजल समेत गौरव, प्रियांशु व कमल नेगी सहित सैकड़ों साथ छात्राएं उपस्थित रहे ।

हल्द्वानी रोड कूड़ाखड्ड के पास पानी के स्रोत पर वाहन धोने की कतार

नैनीताल

हमारे संवाददाता



हल्द्वानी रोड स्थित कूड़ाखड्ड के समीप पानी के स्रोत के पास वाहन धोने का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। पानी के स्रोत के आसपास वाहन धोने के लिए कतार लगने से सड़क पर यातायात प्रभावित हो रहा है वहीं लगातार पानी बहने से सड़क का डामर भी उखड़ने लगा है। इससे सड़क की स्थिति खराब होने के साथ हादसों का खतरा भी बढ़ रहा है।

वन विभाग की ओर से चेतावनी लिखने के बाद भी कूड़ाखड्ड के समीप पानी के स्रोत पर वाहन धोने के लिए लोग अपने वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर रहे हैं। एक साथ कई वाहन खड़े होने से सड़क पर आवाजाही के लिए जगह कम हो जाती है। इससे कई बार अन्य वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और यातायात प्रभावित होता है। वहीं वाहनों की धुलाई के दौरान लगातार पानी सड़क पर बहता रहता हैए जिससे डामर कमजोर होकर उखड़ने लगा है। सड? पर पानी और कीचड़ जमा होने से दोपहिया वाहन चालकों के लिए फिसलने का खतरा भी बना रहता है। सड? किनारे अनियोंत्रित तरीके से वाहनों की पार्किंग और धुलाई से स्थानीय यातायात व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। वाहन धोने के लिए सड़ककिनारे खड़े वाहनों के चलते संकरे हिस्सों में जाम जैसी स्थिति बनने लगती है। इसके अलावा हनुमानगढ़ क्षेत्र में भी बेतरतीब ढंग से पार्क किए जा रहे वाहनों से आवाजाही में दिक्कतें हो रही हैं।

मामले में एनएचएआई के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि सड़क पर वाहन धोने से उखड़ रहा है और सड़क को नुकसान पहुंच रहा है। इस संबंध में पुलिस को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि हनुमानगढ़ क्षेत्र में भी बेतरतीब पार्किंग के कारण परेशानी हो रही है जिस पर व्यवस्था सुधारने की जरूरत है।

NEWS / फटाफट

दो आईपीएस अधिकारियों के मामले में सुनवाई आज भी

नैनीताल । हाईकोर्ट ने उत्तराखंड में आईजी पद पर तैनात आईपीएस अधिकारी नीरू गर्ग व अरुण मोहन जोशी को प्रतिनियुक्ति पर केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन डीआईजी पद पर भेजने के आदेश को चुनौती देती दो आईपीएस अधिकारियों के मामले पर सुनवाई की। बता दें बुधवार को कई देर तक मामले पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने अगली सुनवाई बीरवार (आज) भी जारी रखी है। बुधवार को हुई सुनवाई पर अधिकारियों की ओर से कोर्ट को अवगत कराया गया कि उनको अभी तक वेतन तक नहीं दिया गया है इसलिए उन्हें वेतन देने के आदेश दिए जाएं उनका पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने सुनवाई बीरवार (आज) भी जारी रही है।मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी और सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई।

हाईकोर्ट ने दी सरकार को चार हप्ते की मोहलत

नैनीताल । हाईकोर्ट ने ग्राम जुड़ा कुंडेशरी क्षेत्र काशीपुर में बिना राज्य सरकार और राज्य प्रदूषण बोर्ड की अनुमति के लगाई जा रही फैक्ट्री के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने मेशर्ष वे टू हाईट प्राईवेट लिमिटेड को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया गया कि सरकार ने फैक्ट्री के निर्माण पर सरकार ने रोक लगा दी गयी है।

उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की नैनीताल में अहम बैठक कल

नैनीताल । उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी वेलफेयर सोसाइटी एसोसिएशन द्वारा 27 नवंबर (शुक्रवार) को दोपहर 12 बजे से राज्य अतिथि गृह नैनीताल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पान सिंह सिजवाली व मिडिया प्रभारी इंदर सिंह नेगी के मुताबिक बैठक में आंदोलनकारियों की समस्याओं पर गहन मंथन तो होगा ही साथ ही स्वर्गीय पूर्व विधायक डॉ. नारायण सिंह जंतवाल की प्रतिमा नैनीताल शहर मे लगाने हेतु सीएम को पत्र भेजे जाने को लेकर भी गहन मंत्रणा होगी। उन्होंने सभी राज्य आंदोलनकारियों से इस महत्वपूर्ण बैठक में नियत तिथि व समय के साथ पहुंचने की विशेष गुजारिश की है।

धरा को हरा भरा रखने हेतु प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने रोपा पौधा



नैनीताल। उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष व राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान 862वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 862वें दिन कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर डीडीहाट के आंकोट भूमियाधल स्थित प्रसिद्ध भगवती मंदिर परिसर में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह खड़ायत के नेतृत्व में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।मंदिर कमेटी के पदाधिकारी में भक्तजनों ने दिनेश गुरु रानी द्वारा चलाई गई इस मुहिम की सराहना की है। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष डिगर सिंह खड़ायत, नवीन सिंह खड़ायत, प्रेम सिंह तथा चंचल सिंह सहित भक्तगण उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

आरोपी महिला ज्योति की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट की कल तक के लिए रोक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के एक बुजुर्ग कारोबारी को हनीट्रैप के जाल में फ'साकर अवैध वसूली और ब्लैकमेलिंग करने के चर्चितच मामले में दर्ज मुकदमे को निरस्त करने और और आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक लगाए जाने को लेकर दायर मामले पर सुनवाई की।मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने आरोपी महिला की गिरफ्तारी पर लगी रोक को 27 नवंबर (शुक्रवार) तक आगे बढ़ाते हुए अगली सुनवाई की तिथि 27 नवंबर की नियत की है।

मामले के अनुसार आरोपी ज्योति सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि दर्ज मामले में उन्हें गलत फ'साया गया है, उनका इससे कोई लेना देना नहीं है इसलिए उनके खिलाफ दर्ज मुक दमे को निरस्त किया जाय और उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए। दर्ज मुकदमे में बुजुर्ग कारोबारी ने आरोप लगाया गया है कि उनको हनीट्रैप के जाल में फ'साकर उनको ब्लैकमेल किया जा रहा है और उनसे करोड़ो रुपए की मांग की जा रही है, यही नही उनको जानमाल का खतरा उत्पन्न हो गया है, उनकी फ'ोटो और वीडिओ वाइरल करने की धमकी देकर मोटी रकम की मांग की जा रही है इतना ही नहीं उनकी संपत्ति को हड़प लिया गया है, इस संबंध में उनके द्वारा एसएसपी नैनीताल को शिकायत देकर कहा है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही जाय और उन्हें सुरक्षा दिलाई जाए। इस दर्ज मुकदमे को निरस्त करने और गिरफ्तारी पर रोक लगाए जाने को लेकर आरोपी ने याचिका दायर की थी जिस पर बुधवार को कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर लगी रोक को 27 नवंबर (शुक्रवार) तक आगे बढ़ा दिया।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने की शोक सभा

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की बुधवार को हुई शोक सभा में अधिवक्ता गोपाल दत्त जोशी की माताजी तथा अधिवक्ता मुकेश रावत के पिताजी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में उपस्थित अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा का संचालन एसोसिएशन के महासचिव सौरव अधिकारी द्वारा किया गया। शोक सभा में भुवनेश जोशी, राजेश शर्मा, योगेश पचोलिया, अतुल भट्ट, सूरज पाण्डे, अमनजोत सिंह चड्ढा, अवनीश खन्डूरी, आर. पी. सिंह, कमल पाण्डे, एस.सी. बर्मन, देवेन्द्र सिंह दसौनी, त्रिलोक चन्द्र, महावीर सिंह कोहली और पूर्वी चौधरी सहित कई अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

अभिमत

विविधताओं को संभालना

दुष्प्रचार करने वाले यहां तक कहते हैं कि आरएसएस भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना चाहता है। हिन्दू शब्द से परहेज करने वालों को यह बात याद रखनी चाहिए कि भारत की पहचान हिन्दू है और यह सबको एक करने का शब्द है। राष्ट्र को वैभव संपन्न बनाने के लिए सबको साथ लेकर चलना है। विश्व गुरु बनाना किसी एक व्यक्ति अथवा संगठन विशेष की सामर्थ्य नहीं है। नेता, नारा, नीति, पार्टी, सरकार, विचार और संघ जैसे संगठन इसमें सहायक हो सकते हैं, परन्तु मूल कारण नहीं बन सकते। यह सबका काम है और सबको साथ लेकर चलना है।

भारत को विश्वगुरु का सम्मान पुनः दिलाने का काम कोई एक व्यक्ति, एक संगठन अथवा सरकार नहीं कर सकती है। 'विविधता में एकता' शब्द को केवल मुंह से बोल देने से काम नहीं चलेगा, अमल करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि विविधताओं को कैसे संभालना है, यह हमें दुनिया को सिखाना है। क्योंकि दुनिया के पास ऐसा तंत्र नहीं है। आरएसएस के बारे में दुष्प्रचार करने वालों को बिना उसका प्रत्यक्ष अनुभव किये कोई राय नहीं बनानी चाहिए। यह सच है कि संघ ने कभी भेदभाव अथवा दुर्भावना नहीं फैलाई है। संघ का उद्देश्य है कि पूरे समाज को देश के लिए सच्ची और निस्वार्थ भक्ति के साथ जीना सिखाया जाए। दरअसल आरएसएस को हिन्दूवादी संगठन बताकर बदनाम किया जाता है। दुष्प्रचार करने वाले यहां तक कहते हैं कि आरएसएस भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना चाहता है। हिन्दू शब्द से परहेज करने वालों को यह बात याद रखनी चाहिए कि भारत की पहचान हिन्दू है और यह सबको एक करने का शब्द है। राष्ट्र को वैभव संपन्न बनाने के लिए सबको साथ लेकर चलना है। विश्व गुरु बनाना किसी एक के वश में नहीं है। नेता, नारा, नीति, पार्टी, सरकार, विचार और संघ जैसे संगठन इसमें सहायक हो सकते हैं, परन्तु मूल कारण नहीं बन सकते। यह सबका काम है और सबको साथ लेकर चलना है। पूरे विश्व में नस्लभेद और धार्मिक कट्टरता के कारण खूनखराबा होता रहा है। आतंकवाद भी कट्टरपंथ की वजह से पनपा है। प्रथम व द्वितीय विश्व युद्ध और शीतयुद्ध के बाद वर्तमान में दुनिया के कई देशों में मिसाइल, बम, ड्रोन के हमलों से तबाही मची हुई है। संघर्ष विराम की कोशिशें नाकाम हो रही हैं। भारत में मुगलों ने आक्रमण किया और सदियों तक शासन किया। ब्रिटिश शासन की गुलामी से भारत को दो शताब्दी बाद आजादी मिली। मुगलों की बर्बरता और धर्मांतरण की साजिश के बाद भी हिन्दू समाज का अस्तित्व कायम रहा। ब्रिटिश शासन की गुलामी के दौरान इसाई मिशनरियों ने धर्मांतरण से हिन्दू समाज को खत्म करने का षड्यंत्र रचा। हिन्दू धर्मावलंबियों का इतिहास सिर्फ कुछ वर्षों का नहीं है। कोटि-कोटि वर्षों के तीन युग बीत चुके हैं, चौथा युग चल रहा है। जबकि मुगल 14 सौ और क्रिश्चियन दो हजार वर्ष से हैं। सभी समुदाय को साथ लेकर चलने तथा खूनखराबा नहीं करने की शिक्षा दुनिया को भारत से ही मिल सकती है।

40वां दिन: गैरसैंण के लिए आंदोलनकारियों की हुंकार

बुद्धपार्क में राजधानी की जंग, लेकिन सरकार अब भी मौन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित करने की मांग अब बुद्धपार्क के अनशन से निकलकर सरकार के लिए खुली चेतावनी बनती जा रही है। 40वें दिन से जारी क्रमिक अनशन में गुरुवार को मासी निवासी राज्य आंदोलनकारी जगदीश नेगी ने बैठकर राजधानी के सवाल पर आर-पार की लड़ाई का संकल्प दोहराया। आंदोलनकारियों का कहना है कि वर्षों से जगह-जगह आवाज उठाने के बावजूद राजधानी का सवाल अधर में लटका है, लेकिन अब यह संघर्ष निर्णायक मोड़ तक पहुंचाकर ही दम लिया जाएगा।

जगदीश नेगी ने कहा कि गैरसैंण राजधानी के लिए आंदोलनकारी प्राण से प्राण तक संकल्पित हैं। जब तक गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित नहीं किया जाता, आंदोलन थमेगा नहीं। उन्होंने राज्यवासियों से इस लड़ाई में एकजुट होकर आवाज बुलंद करने की अपील की। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पूर्व आईएएस विनोद प्रसाद रतूड़ी ने कहा कि पिछले 39 दिनों से राज्य के विभिन्न हिस्सों से लोग बुद्धपार्क पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दे रहे हैं और अनशन में भागीदारी कर रहे हैं। लगातार बढ़ते समर्थन से साफ है कि राजधानी का सवाल लोगों के दिलों में जिंदा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अब भी फैसला नहीं लिया तो आंदोलन और उग्र होगा तथा सड़कों पर उतरकर सरकार को जवाब देने के लिए मजबूर किया जाएगा। समाजसेवी संतोष नेगी ने कहा कि उत्तराखंड का गठन पहाड़ के अस्तित्व, अस्मिता और संस्कृति की रक्षा के लिए हुआ था, लेकिन राज्य बनने के वर्षों बाद भी स्थायी राजधानी का सवाल अनसुलझा है। पहाड़ के खेत, किसान, गांव और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य बचाने के लिए गैरसैंण को राजधानी बनाना जरूरी है। राज्य आंदोलनकारियों और शहीदों के सपनों को आखिर कब तक अधूरा रखा जाएगा?

आंदोलन में पहुंचे लोगों ने कहा कि राजधानी का सवाल सिर्फ सत्ता और प्रशासनिक व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि पहाड़ की पहचान, पलायन, रोजगार और पर्वतीय क्षेत्रों के विकास से जुड़ा है। उन्होंने राज्य के हर वर्ग से आंदोलन में शामिल होकर इस मांग को मजबूत करने की अपील की।

इस दौरान गोपाल दत्त कमेड़ी, पहाड़ी आर्मी के हरीश रावत, जगदीश ममगाई, प्रेमा मेर, विनोद घड़ियाल, तारा पांडे, नीमा भट्ट, अंजू पांडे, राजेंद्र कांडपाल, आनंद कन्याल, यूकेडी नेता भुवन जोशी, गौरव बजेला, विनोद नेगी, देवेंद्र सालाकोट, रजत पाटनी, हिमानी पांडे, ज्योतिष्मा पांडे, कार्तिक दास समेत सैकड़ों आंदोलनकारी मौजूद रहे।



मौत मामले में आरोपी अरोड़ा को जमानत पर रिहाई के आदेश

नैनीताल । हाईकोर्ट ने देहरादून के राजपुर में दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग के दौरान मॉर्निंग वाक कर रहे 74 वर्षीय ब्रिगेडियर मुकेश कुमार जोशी की गोली लगने से हुए मौत के मामले में आरोपी मोहित अरोड़ा की जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करने के बाद न्यायमूर्ति अलोक कुमार महरा की एकलपीठ ने उन्हें जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए। न्यायलय ने अपने आदेश में कहा है कि वह केस से जुड़े किसी व्यक्ति सीधा या प्रोक्ष रूप से धमकी और लालच से प्रभावित नही करेगा। कहा है कि केस से जुड़े सबूतों से छेड़छाड़ नही करेगा साथ ही गवाहों को प्रभावित नही करेगा, ट्रायल और जाँच के दौरान नियमित रूप से पेश होगा। कहा कि बिना कोर्ट की अनुमति के देश छोड़कर नहीं जायेगा। अपना वर्तमान पता तथा मोबाईल नंबर जाँच अधिकारी और कोर्ट को देंगे जबकि बदले जाने पर तुरंत बताएगा। कहा कि अगर किसी भी शर्त का उलंघन होता है तो अभियोजन पक्ष जमानत रद्द करवा सकता है।

बैणी भुली योजना के नाम पर गरीबों के जज्बातों से खिलवाड़:खष्टी बिष्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष व पीसीसी सदस्य उत्तराखंड खष्टी बिष्ट ने कहा है कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार चुनाव नजदीक आते ही बैणी भुली योजना के नाम पर प्रदेश की गरीब और मेहनतकश महिलाओं को बड़े बड़े सपने दिखाकर उनके जज्बातों से खिलवाड़ करने का प्रयास कर रही है।

बिष्ट ने कहा कि सरकार से मेरा सीधा सवाल है कि क्या उत्तराखंड में वास्तव में पांच लाख महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं? आखिर सरकार इस योजना का वास्तविक लाभ कितनी महिलाओं तक पहुंचा पाई है? स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जुड़ी महिलाएं अधिकतर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों से आती हैं। एक समूह में सामान्यतः 10 महिलाएं होती हैं। यदि समूह के खाते में 10 हजार० की धनराशि भेजी जाती है तो व्यक्तिगत



रूप से प्रत्येक महिला के हिस्से में मात्र 1 हजार रुपएं ही आते हैं। ऐसे में सरकार इसे महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की कोई बहुत बड़ी कामयाबी बताकर अपनी पीठ थपथपा रही है। बिष्ट के मुताबिक स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक सहायता देना कोई नई परंपरा नहीं है।

यह व्यवस्था पूर्ववर्ती सरकारों के समय से भी चली आ रही है। समूहों को मिलने वाली सहायता को भाजपा सरकार अपनी व्यक्तिगत कामयाबी बताकर महिलाओं को गुमराह करना बंद करे।

बेस अस्पताल में स्थापित होगी एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड मशीन, रिपोर्ट कौन जांचेगा

पिथौरागढ़। 65 करोड़ से खोला गया बेस अस्पताल मेडिकल कॉलेज के अधीन संचालित होने के बाद भी सीमांत के लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पा रहा है। बेस अस्पताल में एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड सहित अन्य जरूरी उपकरणों की जल्द खरीद होनी है। ये उपकरण अस्पताल में स्थापित भी कर दिए जाएंगे लेकिन इन उपकरणों कौन चलाएगा और रिपोर्ट कौन जांचेगा यह सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है। नगर के लिन्ड्डा में सीमांत जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के सपने दिखाकर 65 करोड़ रुपये से बेस अस्पताल खोला गया है। वर्तमान में इसका संचालन मेडिकल कॉलेज के अधीन हो रहा है। अस्पताल में आधुनिक ओटी, लैब स्थापित हो चुकी है। वहीं जल्द ही एक्सरे, अल्ट्रासाउंड सहित अन्य मशीनरी और उपकरण भी स्थापित होने हैं। इनकी खरीद प्रक्रिया शुरू हुई है। अस्पताल में अब तक न तो रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती हुई और ना ही एक्सरे तकनीशियन की।

फिल्मी दुनिया

कॉफी विद करण 9: 6 बजे कौन भजन बजाता है? ट्विंकल की फटकार



करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण 9 में इस बार अक्षय कुमार और भोजपुरी स्टार रवि किशन नजर आए। शो के दौरान दोनों ने खूब मस्ती-मजाक किया। वहीं, अक्षय ने पत्नी ट्विंकल खन्ना को फोन कर उनसे बात की, लेकिन ट्विंकल ने फोन उठाते ही अक्षय की शिकायतों का पिटारा खोल दिया। सुबह 6 बजे भजन बजाने, जोर-जोर से गाने और बाथरूम का दरवाजा खुला छोड़ने को लेकर ट्विंकल ने अक्षय को खूब सुनाया। इतना ही नहीं, शो में बिना फीस के आने पर भी अभिनेत्री ने मजेदार तंज कसा। शो के दौरान अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना को फोन किया और स्पीकर पर बात करने लगे। फोन उठाते ही ट्विंकल ने कहा कि वह पिछली रात ठीक से सो नहीं पाई थीं और अक्षय ने सुबह जल्दी भजन बजाकर उनकी नींद खराब कर दी। उन्होंने अक्षय के गाने पर भी चुटकी ली। ट्विंकल ने कहा, मैं पिछली रात मुश्किल से सो पाई थी। फिर तुमने सुबह-सुबह मुझे उठा दिया। आखिर सुबह 6 बजे कौन भजन बजाता है? और ऊपर से तुम उससे भी तेज गाने लगते हो, जैसे तुम अनूप जलोटा हो। मैंने तुम्हें कितनी बार कहा है कि कम से कम बाथरूम का दरवाजा ठीक से बंद किया करो। इसके बाद ट्विंकल ने अक्षय से पूछा कि वह कहां हैं। अक्षय ने बताया कि वह कॉफी विद करण की शूटिंग कर रहे हैं। ट्विंकल ने कहा कि हाल ही में उनकी करण जौहर से बात हुई थी और करण ने उन्हें इस एपिसोड में रैपिड फायर राउंड जज करने के लिए बुलाया था।

रवि किशन ने सिखाया अक्षय को हुक स्टेप

जब ट्विंकल को पता चला कि अक्षय शो में बिना फीस लिए आए हैं, तो उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा, लेकिन मुझे नहीं पता था कि तुम आज शो कर रहे हो। ओह, तुम यह शो फ्री में कर रहे हो। मैं हैरान हूं। इस पर करण जौहर भी मजाक में बोले, अच्छा, क्या तुम हर चीज के लिए पैसे चाहती हो? शो में अक्षय कुमार और रवि किशन के बीच भी खूब मजेदार बातचीत हुई। रवि किशन ने अक्षय को अपना वायरल हुक स्टेप सिखाया, जिसमें उनका खास स्वैग वाला बॉक शामिल है।

पीआरडी जवानों का कार्य बहिष्कार, मांगों के समर्थन में कार्यालय में बैठे

काशीपुर

हमारे संवाददाता

प्रदेश के 13 जिलों में पीआरडी जवानों का कार्य बहिष्कार शुरू हो गया है। जवानों के अनुसार, 21 नवंबर से कार्य बहिष्कार किया जा रहा है।

अपनी मांगों के समर्थन में जवानों ने कार्यालय में बैठकर विरोध जताया। पीआरडी जवानों ने बताया कि मुख्यमंत्री की ओर से मांगों पर वार्ता के लिए बैठक में भी उन्हें बुलाया गया था। इसके बावजूद मांगों के समाधान को लेकर जवान आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में चल रहे कार्य बहिष्कार के समर्थन में वे भी कार्यालय में बैठकर विरोध दर्ज करा रहे हैं।

जवानों ने मांग की कि उन्हें होमगार्ड की तर्ज पर मूल वेतन के साथ महंगाई भत्ता (डीए) दिया जाए। साथ ही रोजगार संबंधी समस्याओं का समाधान कर उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए।



News कॉर्नर

पुलिस को देखकर गली में मुड़ा युवक, तलाशी में निकले 216 नशे के कैप्सूल

हल्द्वानी। पुलिस की नजर पड़ते ही रास्ता बदलना एक युवक को भारी पड़ गया। बनभूलपुरा में संदिग्ध अंदाज में गली की ओर मुड़े युवक को पुलिस ने रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से ट्रामाडोल युक्त सैकड़ों नशीले कैप्सूल बरामद हुए। बिना चिकित्सकीय दस्तावेज के इतनी बड़ी खेप मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। बनभूलपुरा थाने के एसआई मनोज यादव कांस्टेबल दिलशाद अहमद के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। टीम लाइन नंबर-17 से इंदानगर होते हुए छोटी रोड, मोहम्मदी मस्जिद जाने वाले मार्ग पर पहुंची। इसके बाद पुलिसकर्मी वाहन किनारे खड़े कर पैदल मोहम्मदी चौक की ओर बढ़े। इसी दौरान हाथ में पॉलीथीन लिए एक युवक सामने से आता दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह बड़ी रोड की ओर जाने वाली गली में मुड़ गया। उसकी हरकत संदिग्ध लगी तो पुलिस ने पीछा कर उसे रोक लिया।

गीजर की मरम्मत के बहाने घर में घुसा, सोने के गहने गायब कर गया इलेक्ट्रिशियन

हल्द्वानी। घर के खराब गीजर को ठीक कराने के लिए बुलाया इलेक्ट्रिशियन ही घर में चोरी का संदिग्ध बन गया। मरम्मत के बहाने बार-बार घर पहुंचा युवक मौका देखकर अलमारी में रखे सोने के गहनों पर हाथ साफ कर गया। परिवार शादी समारोह से लौटा तो सब कुछ सामान्य था, लेकिन अलमारी खंगाली तो गहने गायब मिले। पीड़ित की शिकायत पर भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस ने आरोपी आसिफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला गुरुनानकपुरा क्षेत्र का है। शिकायतकर्ता के मुताबिक 15 नवंबर को घर का गीजर खराब होने पर उन्होंने फरमान नाम के इलेक्ट्रिशियन को फोन कर बुलाया था। फरमान अपने साथ आसिफ नाम के युवक को लेकर पहुंचा।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला- हाई फैट, अलग-अलग चेतावनी अनिवार्य

नई दिल्ली
कार्यालय संवाददाता



देश के तेजी से बढ़ते पैकेज्ड फूड और एफएमसीजी (FMCG) सेक्टर के लिए विनियामक मोर्चे पर एक बड़ा नीतिगत मोड़ सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) को खाद्य उत्पादों पर फ्रंट-ऑफ-पैकेज न्यूट्रिशन लेबलिंग (FOPNL) को प्रभावी ढंग से लागू करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने स्पष्ट व्यवस्था दी है कि वसा (Fat), चीनी (Sugar) और नमक (Salt) की अधिक मात्रा वाले प्रत्येक उत्पाद पर अलग-अलग सचित्र चेतावनी प्रतीक (Pictorial Warning Symbols) लगाना अनिवार्य होगा। एएस एंड अवर हेल्थ सोसाइटी द्वारा दायर जनहित याचिका (सिविल रिट याचिका संख्या 437/2024) पर यह ऐतिहासिक निर्देश जारी किया गया है। फ्रंट-ऑफ-पैकेज पोषण लेबलिंग एक ऐसी प्रणाली है। इसमें खाद्य उत्पादों के पैकेट के सामने ही पोषण संबंधी जानकारी दी जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को त्वरित और आसान तरीके से यह बताना है कि उत्पाद में वसा, चीनी और नमक की कितनी मात्रा है। यह लेबलिंग प्रणाली लोगों को सूचित निर्णय लेने में सहायता करती है। इससे वे अपने स्वास्थ्य के लिए बेहतर विकल्प चुन सकते हैं। सर्वोच्च अदालत ने एफएसएसएआई को नए नियमों के मसौदे की प्रगति रिपोर्ट साझा करने और एक औपचारिक हलफनामा पेश करने के लिए 10 सप्ताह का समय दिया है, जिसके बाद मामले की अगली सुनवाई होगी। इस आदेश के बाद पैकेज्ड फूड और बेवरेज कंपनियों को अपने उत्पादों के फॉर्मूलेशन और पैकेजिंग डिजाइन में बड़े बदलाव करने होंगे, जिससे भारतीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में पारदर्शिता और उपभोक्ता स्वास्थ्य सुरक्षा का नया दौर शुरू होगा।

कलक्ट्रेट द्वार पर ढाई घंटे तक धरने पर बैठे विधायक, 24 घंटे तक धरने की दी थी चेतावनी

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



किच्छा में अंडरपास निर्माण और नगला पैदल मार्ग खोलने की मांग को लेकर विधायक तिलक राज बेहड़ ने समर्थकों के साथ कलक्ट्रेट गेट पर धरना दिया। रेलवे अधिकारियों ने निदान का आश्वासन देकर ढाई घंटे में धरना समाप्त कराया।

किच्छा महाराणा प्रताप चौक के निकट रेलवे फाटक पर अंडरपास का निर्माण और नगला पैदल मार्ग को खोलने की मांग के लिए किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड़ ने समर्थकों के साथ धरना दिया। कलक्ट्रेट के प्रवेश द्वार पर वह 24 घंटे के धरने पर बैठे थे। उनके आंदोलन की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासन हरकत में आ गया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें दोनों समस्याओं के निदान का आश्वासन देकर ढाई घंटे बाद धरना समाप्त करवाया।

बुधवार की सुबह विधायक के धरने पर बैठते ही उनके समर्थक भी पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। विधायक का कहना था कि रेलवे फाटक दिन में कई बार बंद होने से लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। इससे रोजाना आवागमन करने वालों को भारी परेशानी होती है। अंडरपास बनने से इस समस्या का स्थायी समाधान होगा। नगला पैदल मार्ग बंद होने से लोगों को लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। वर्ष 2015 से वह इस मांग को उठा रहे लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। धरना-प्रदर्शन बढ़ने पर रेलवे के अधिकारी लिखित पत्र लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने अंडरपास को 31 मार्च तक यानी इसी वित्तीय वर्ष में बनाने और नगला पैदल मार्ग को 10 दिन के अंदर खोलने का आश्वासन दिया। इस मौके पर किच्छा के नगरपालिका अध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, कांग्रेस नेत्री शिल्पी अरोरा, संजय जुनेजा, गुलशन सिंधी आदि मौजूद रहे।

नैनीताल माल रोड के पुस्तकालय भवन का मामला: हाईकोर्ट ने दी सीईओ को दो सप्ताह की मोहलत

नैनीताल
हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने नैनीताल की माल रोड स्थित दुर्गा लाल शाह लाइब्रेरी भवन के मामले को बुधवार को गंभीरता से लेते हुए उत्तराखंड ट्यूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड के सीईओ से दो सप्ताह में हलफ नामा दायर करने को कहा है।

कोर्ट ने कहा कि लाइब्रेरी के घटिया निर्माण के जिममेदार इंजीनियर और ठेकेदार के खिलाफ कया कार्रवाई की गई है? कया ठेकेदार को बलैक लिस्ट किया गया है या नहीं? हाईकोर्ट ने इस मामले का स्वत- संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दायर की है और इस प्रकरण की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई। बुधवार को बोर्ड के सीईओ की बजाय अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एसीईओ) अभिनव शाह कोर्ट में वर्चुअल पेश हुए।

कोर्ट ने कहा कि इस प्रकरण में अभी तक दोषियों के खिलाफ कया कार्रवाई की गई है, ठोस निगरानी कयों नहीं की गई। दोषी इंजीनियर और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई कयों नहीं की गई।श्री शाह ने कहा कि लाइब्रेरी भवन नैनीताल नगर पालिका को हस्तांतरित कर दिया गया है और लकड़ी का रूद्रपुर स्थित बीबीसी टेस्ट हाउस नामक निजी लैब में जांच की गई थी और उपयुक्त पाए जाने के बाद ही प्रयोग में लाई गई।

कोर्ट ने सुनवाई के दौरान नगर पालिका नैनीताल के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा को भी लाइब्रेरी भवन के मामले में गहनता से पूछताछ की,श्री शर्मा ने कहा कि अभी तक लाईब्रेरी भवन विधिवत रूप से नगर पालिका को हस्तांतरित नहीं किया गया है। नगर पालिका की ओर से आम जनता और पढने वाले छात्रों के लिए इसे खोला जा रहा है।अंत में कोर्ट ने सीईओ से दो सप्ताह में जवाब देने को कहा है।

दूध के दाम और हेडलोड बढ़ाने की मांग पर दुग्ध उत्पादकों का प्रदर्शन

अल्मोड़ा
हमारे संवाददाता

दुग्ध अवशीतन केंद्र जेठुआ (भगोती) में दूध के दाम और हेडलोड बढ़ाने तथा पशु आहार की दरें कम करने की पर दुग्ध उत्पादकों और सचिव संगठन ने धरना-प्रदर्शन किया। आंदोलन के तहत उत्पादकों ने दूध की सप्लाई भी रोक दी। अधिकारियों के साथ करीब दो घंटे तक चली वार्ता के बाद सप्लाई दोबारा शुरू की गई।

धरना स्थल पर वार्ता के लिए अल्मोड़ा से प्रभारी जीएम अरुण नगरकोटी और केवलानंद पपने पहुंचे। जिम्मेदार अधिकारी के नहीं पहुंचने पर आंदोलनकारी नाराज हो गए। इस दौरान अधिकारियों और आंदोलनकारियों के बीच काफी बहस भी हुई। बाद में हुई वार्ता में एक दिसंबर से दूध की कीमत बढ़ाने और उत्पादकों की अन्य समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान करीब दो घंटे तक दूध सप्लाई का वाहन भी रोके रखा गया। वार्ता के बाद वाहन को जाने दिया गया। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि एक दिसंबर तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करने के साथ दूध की सप्लाई भी बाधित की जाएगी। प्रदर्शन में संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, कैलाश चंद्र, सूरज कुर्मांचा, गणेश सिंह नेगी, चंदन सिंह पवार, जगत गोस्वामी, बसंती देवी, नंदी देवी, बाला देवी, विमला मेहरा, जीवंती देवी, माया देवी, आनंदी देवी और पुष्पा देवी समेत अन्य उत्पादक मौजूद रहे।



मंदिर परिसर में पुलिस को देख भागा नशेड़ी, जेब से निकली स्मैक की पुड़िया

हल्द्वानी। पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश और फिर खुद ही नशे की बात कबूलना— मंदिर परिसर में पकड़े गए युवक की हरकतों ने पुलिस का शक पुख्ता कर दिया। तलाशी में उसकी जेब से स्मैक की पुड़िया निकली। कोतवाली पुलिस ने हजारों रुपए की स्मैक बरामद कर युवक को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। एसआई आरती पुलिस टीम कांस्टेबल दिनेश नगरकोटी और राहुल सिंह के साथ क्षेत्र में गश्त व नशे के खिलाफ चेकिंग कर रही थीं।

दर्जा मंत्री भावना ने सीएम को गिनाई भीमताल विस की समस्याएं

देहरादून/नैनीताल
हमारे संवाददाता



नैनीताल जिले के तहत भीमताल विधान सभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान एवं विकास कार्यों को गति देने के मकसद से आवास सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष (दर्जा राज्यमंत्री) भावना मेहरा ने बुधवार को सीएम कैंप कार्यालय देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की।

इस दौरान भावना मेहरा ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से सीएम पुष्कर सिंह धामी को अवगत कराते हुए समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने भीमताल महाविद्यालय के शीघ्र अनुमोदन, विभिन्न प्रयोजनों के लिए चयनित भूमि एवं प्राधिकरण क्षेत्र में भवन निर्माण नियमों में व्यावहारिक छूट देते हुए 100 वर्ग मीटर तक भवन निर्माण की अनुमति वन टाइम सेटलमेंट योजना लागू करने, भू उपयोग संबंधी विषयों के साथ ही विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के सुधारीकरण एवं मरममत की मांग प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र के नागरिक लंबे समय से इन समस्याओं के समाधान की अपेक्षा कर रहे हैं, इन विषयों पर सकारात्मक कार्यवाही होने से स्थानीय जनता को राहत मिलेगी जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। मेहरा ने सीएम से जनहित में उक्त समस्याओं के शीघ्र समाधान एवं संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया।

मेहरा ने चाफी गोल्ज्यू मंदिर एवं मुक्तेश्वर मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु धनराशि स्वीकृत किए जाने पर भी सीएम का आभार जताया।

सात सूत्री मांगों के लिए ग्रामीणों का तहसील मुख्यालय पर क्रमिक अनशन शुरू

अल्मोड़ा
हमारे संवाददाता



क्षेत्र की सात सूत्री मांगों के लिए क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति का तहसील मुख्यालय पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना बुधवार से क्रमिक अनशन में तब्दील हो गया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत ब्लॉक प्रमुख डॉ. आरती किरौला और तल्ली सिरई की ग्राम प्रधान कविता राणा क्रमिक अनशन पर बैठीं। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन साह ने दोनों का माल्यार्पण कर अनशन शुरू कराया।

आंदोलन के दस दिन बीतने के बावजूद शासन-प्रशासन और संबंधित विभागों की ओर से बातों को पहल नहीं होने से आंदोलनकारियों में नाराजगी है। समिति ने चेतावनी दी है कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आमरण अनशन शुरू कर आंदोलन तेज किया जाएगा। आंदोलनकारियों का कहना है कि सड़कों की बदहाली से ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और मरीजों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। कई मार्गों पर लंबे समय से डामरीकरण नहीं हुआ है जबकि प्रस्तावित सड़कों का निर्माण भी शुरू नहीं हो पाया है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए पूर्व में जालली में तैनात रहीं डॉ. कल्पना शर्मा को दोबारा द्वाराहाट में तैनात करने की मांग भी उठाई गई है। क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए उनकी पुन: तैनाती जरूरी है। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख सुनील कांडपाल, विनोद जोशी, प्रधान राजेंद्र बिष्ट, मनोज रावत, हेमंत रौतेला, ललित रावत, ललित बिष्ट, हेम मठपाल, गणेश चौधरी और जीवन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।